राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# होली पर्व से पहले राज्यपाल ने राजभवन में मिठाई वितरित की

जयपुर, 3 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में एक अनौपचारिक कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिठाई वितरित की। उन्होंने होली एवं धूलण्डी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और उल्लास से यह पर्व मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली खुशियों और स्नेह के रंगों में एक—दूसरे को रंगने का पर्व है। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारी—कर्मचारियों के लिए सुख—समृद्धि की कामना भी की।

———